Tc.No. : GUJHIN00722

पेज: 4, मुल्य 1 रु.

दैनिक

# क्रांति समय

संस्थापक / संपादक : सुरेश मौर्या

E-mail: krantisamay@gmail.com, www.krantisamay.com

वर्ष: 2 अंक: 208 , 03 जनवरी, बुधवार 2017, सूरत, हिन्दी दैनिक मो. 9879141480 4 ओ ब्लॉक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष, सचीन रेल्वे स्टेशन के पास, सूरत-गुजरात

## सार समाचार

### नहीं हो सकी सांसद से पूछताछ

**नई दिल्ली।** तकरीबन नौ महीने पहले हुए बहुचर्चित एयर इंडिया के कर्मचारी व शिवसेना सांसद रविन्द्र गायकवाड़ के बीच कथित मारपीट के दर्ज मामले में अभी तक सांसद से इस संदर्भ में पूछताछ नहीं हो सकी है। घटना के दौरान सांसद रविन्द्र गायकवाड़ पर एयर इंडिया के एक कर्मचारी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का आरोप लगने के बाद दिल्ली पुलिस ने पीड़ित कर्मी के बयान पर सांसद पर गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने और किसी व्यक्ति का अपमान करने के इरादे से घटना को अंजाम देने का मामला दर्ज किया था। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम को सौंपा गया था। हालांकि, घटना के नौ महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद भी जांच टीम अभी तक जांच पूरी नहीं कर सकी है। दरअसल घटना के दिन विवाद तब शुरू हुआ, जब पुणो से दिल्ली पहुंची एयर इंडिया के एक विमान में सवार शिवसेना सांसद रविन्द्र गायकवाड़ को एक अधिकारी ने आईजीआई हवाई अड्डे पर विमान आने के बाद नीचे उतरने को कहा। तब महाराष्ट्र के उस्मानाबाद से लोकसभा सांसद रविन्द्र गायकवाड़ ने ड्यूटी प्रबंधक आर सुकुमार (60) को चप्पल से तकरीबन 25 बार मारा था। जांच में अपराध शाखा की एक टीम सुकुमार सहित एयर इंडिया के 15 कर्मियों से पूछताछ की थी। हालांकि फिलहाल सांसद से पूछताछ नहीं हो पाने की वजह से जांच पूरी नहीं हो पाई है। उधर, दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है। अधिकारी के मुताबिक, कानूनी औपचारिताएं पूरी करने के बाद एक क्लोजर रिपोर्ट दर्ज किया जा सकता है। ज्ञात हो इस घटना को लेकर एयर इंडिया और अन्य निजी एयरलाइनों ने सांसद के यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था और मामले को लेकर काफी हंगामा भी हुआ था। हालांकि सांसद द्वारा इस दुखद घटना पर चिट्ठी लिख कर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री अशोक गजपति राजू से खेद जताने के बाद प्रतिबंध हटा लिया गया था।

### जीआईएस वेब पोर्टल व ट्विटर हैंडल शुरू

**नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा।** नये साल के पहले दिन यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का जीआईएस वेब पोर्टल व टिवटर हैंडल शुरू हो गया। इसका लोकार्पण जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, मंडलायुक्त मेरठ व यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ. प्रभात कुमार व सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने किया। डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि लोगों को तीन तरह से पावर मिलती है जिसमें पोजीशन, पर्सनलटी व नॉलेज पावर है। अधिकारियों को चाहिए कि वे पारदर्शिता के साथ काम करें जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा। पोर्टल की सहायता से निवेशकों द्वारा औद्योगिक सेक्टरों में नियोजित भूखंडों के संबंध में समस्त जानकारी ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है। सेक्टरों में अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता तथा भूखंडों से अवस्थापना सुविधाओं की दूरी आदि के साथ-साथ अन्य जानकारी भी मिल सकती हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल से हिन्दी में भी सूचना प्राप्त की जा सकती है। विभिन्न बेस मैप के साथ समन्वय, सुगम नेगिवेशन, दूसरी नापने की सुविधा भी प्राप्त होगी। यमुना अथॉरिटी ट्विटर हैंडल का उद्घाटन : सोशल मीडिया ट्विटर पर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपना हैंडल आज लांच किया। प्राधिकरण अब अपनी सभी सूचनाओं का आदान प्रदान इस हैंडल के माध्यम से करेगा। इस मौके पर एसीईओ अमरनाथ उपाध्याय, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया आदि मौजूद थे।

### तीन गिरफ्तार, चोरी की कार व असलाह बरामद

**गाजियाबाद।** थाना विजयनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कांशीराम योजना पुल के पास से दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कार बरामद की है। पुलिस का कहना है दोनों चोरी की योजना बना रहे थे तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस कांशीराम योजना पुल के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को कार में दो लोग बैठे दिखाई दिए। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कार चोरी की है। दोनों ने अपना नाम नईमुद्दीन निवासी बी ब्लाक सेक्टर-11 विजय नगर व इरशाद निवासी सुदामापुरी विजयनगर बताया। इसके अलावा मोहन द्वार से विपिन निवासी माता कालोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से असलाह बरामद किया गया। दो युवक धरे गए : थाना इंदिरापुरम व थाना लिंक रोड पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर तमंचा व दो किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है।

### एक रात में 16720 लोगों पर हुई कार्रवाई

## जमकर उड़ीं यातायात के नियमों की धज्जियां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी में नए साल के जश्न में डूबे दिल्ली वालों ने यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक 31 दिसम्बर की रात यातायात नियमों को तोड़ने वाले 16720 पर कार्रवाई की गई। पिछले साल यह आंकड़ा 13620 था। जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में पुलिस ने 1752 लोगों के चालान काटे।

इसमें गौर करने वाली बात यह है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने का आंकड़ा पिछले साल 2016 के 889 मामलों के मुकाबले करीब दोगुना हो चुका है। यातायात पुलिस के विशेष आयुक्त दीपेन्द्र पाठक के मुताबिक 433 जगहों पर दिल्ली पुलिस व यातायात पुलिस को तैनात किया गया था।

इनमें से खासकर 125 स्थानों पर दिल्ली यातायात पुलिस शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच कर रही थी।

पुलिस के मुताबिक रात 12 बजे से पहले जहां शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के 745 मामले सामने आए, वहीं रात 12 बजे के बाद 1007 लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पाए गए। जिनका चालान करने के बाद पुलिस ने लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है।

अन्य मामलों में वन वे नियम को तोड़ने वाले 1125 लोगों के चालान भी काटे गए। जबकि खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वाले 507 लोगों के चालान काटे गए।

पूरी कार्रवाई के दौरान सबसे ज्यादा बीना हेल्मेट के मोटरसाईकिल चलाने वाले पकड़े गए, जिसमें 3665 लोगों के चालान कटे। जबकि तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले 193 लोगों के चालान काटे गए।

## नए साल का जश्न मना कर लौट रहे युवक की हत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** द्वारका नार्थ थाना इलाके में कुछ बदमाशों ने एक युवक की मामूली कहासुनी में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान द्वारका सेक्टर-16 निवासी नीतेश (25) के रूप में हुई। बताया जाता है कि घटना के समय वह देर रात नए साल का जश्न मनाकर लौट रहा था। उधर सोमवार को घटना से नाराज लोगों ने थाने पर पहुंचकर विरोध प्रदशर्न किया। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से बिहार का रहने वाला नीतेश टैक्सी चालक था। एक माह पहले उसके दादा का देहांत हो जाने की वजह से पूरा परिवार बिहार गया है। इधर रविवार रात नीतेश व उसके दोस्त नए साल का जश्न मनाने के लिए जुटे। पार्टी के दौरान किसी दोस्त के मामा की तबीयत खराब होने की वजह से नीतेश अपने उस दोस्त के साथ घर के लिए निकले। बीच रास्ते कार सवार कुछ युवकों से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। उस दौरान नीतेश ने बीच बचाव करने का प्रयास करते हुए अपने दोस्त को मामा के पास भेज दिया। उधर आरोपी युवकों ने अपने कुछ अन्य दोस्तों को बुला लिया और नीतेश को अकेला पाकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### प्रधानमंत्री के युवा संसद के प्रस्ताव का युवाओं ने किया स्वागत

## भ्रष्टाचार के मुखर विरोधी हैं युवा : रामलाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा संसद बुलाने के प्रस्ताव का दिल्ली के युवाओं ने साल के पहले दिन दिल से स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवा प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे और उन्होंने पहली मतदाता बनने के लिए आवेदन फार्म भी भरा। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रामलाल ने प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के पीछे तर्क दिया कि आज के युवा भ्रष्टाचार के मुखर विरोधी हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के अलावा पार्टी अन्य नेता भी मौजूद थे। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम यह युवा काफी मददगार साबित हो सकते हैं। आज के युवा भ्रष्टाचार से परेशान हैं और इसका मुखर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह राजनीति में आकर इसे स्वच्छ बनाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस साल अगस्त के मध्य युवा संसद बुलाने का यही उद्देश्य है। राजनीति में युवाओं के आने से भ्रष्टाचार के साथ-साथ समाज भाई-भतीजावाद से भी मुक्त होगा। रामलाल के साथ युवाओं ने राष्ट्रहित में नारे भी लगाए। प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के इस आह्वान से युवा काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के पहले राष्ट्र फिर पार्टी हैं। ''पहले राष्ट्र, फिर पार्टी' भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को यही सिखाती है। यही वजह है कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने 18 साल पूरे करने वाले युवाओं से मतदाता पंजीकरण कराने को कहा। जिससे वह आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री राजेश भाटिया, उपाध्यक्ष राजीब बब्बर, कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, पूर्व विधायक सुभाष सचदेवा ने युवाओं का प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया।

### अफगानिस्तानी सांसद की दूसरी सर्जरी की तैयारी में सर्जन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते साल ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली सरकार को कुछ कड़वे अनुभव दिए तो वहीं कुछ खुशनुमा पल भी दिए। बीते साल में दिल्ली सरकार के सबसे बड़े अस्पताल ने दिल्ली और देश ही नहीं बल्कि विदेशों के मरीजों के भी इलाज करने का गौरव हासिल किया। इसी के तहत अफगानिस्तान के एक सांसद के कान का भी सफल ऑपरेशन किया गया है। चंद दिनों में इनकी दूसरी सर्जरी होने वाली है। यह सर्जरी दिल्ली सरकार सुपरस्पेशिलिटी हास्पिटल लोक नायक के नाक, कान, गला विभाग के सर्जन्स की टीम करेगी। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक और ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉ. जेसी पासी के अनुसार अफगानिस्तान के सामांगान प्रांत के 39 वर्षीय सांसद अब्दालुल्लाह के कान के दोनों परदे फटे हुए थे। बीते साल 22 दिसम्बर को इनके दाएं कान के परदे का टिपैनोप्लास्टी तरीके से सर्जरी किया गया। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष करीब छह महीने पहले रमजान के सातवें दिन अफगानिस्तान के एक बड़े नेता के बेटे के जनाजे में शामिल होते समय एक के बाद एक तीन बम ब्लास्ट हुए थे।

### 6912 बोतल शराब के साथ दो दबोचे गए

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने साल के पहले दिन ही अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो कुख्यात शराब तस्कर को बड़ी संख्या में शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमित (22) व सागर (22) के रूप में की गई । इनके पास से टीम ने गिरफ्तारी के दौरान तकरीबन 144 पेटी में 6912 हरियाणा निर्मित शराब की बोतले बरामद की है। साथ ही दो इनोवा कार जिसमें से शराब बरामद की गई है उन्हें भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि नए साल के मौके पर शराब की बड़ी खेप लेकर दिल्ली में सप्लाई करने पहुंचे दोनों आरोपी कुख्यात शराब तस्कर सुरेश पंडित गैंग के सदस्य हैं, जो दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश व बिहार में अवैध शराब की सप्लाई किया करते थे।

### बेहद शातिर है रवि अरोड़ा ड्रग सप्लाई के पहले तीन मामलों में दिया जा चुका है दोषी करार

## साढ़े तीन किग्रा हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साढ़े तीन किलोग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रविशंकर उर्फ रवि चोपड़ा तथा विकास उर्फ भोला के तौर पर की गई। पुलिस ने दावा किया कि बरामद किया गया ड्रग्स की यह खेप पाकिस्तान से अफगानिस्तान होते हुए भारत लाई गई थी और इस ड्रग्स को यूरोप के कुछ देशों समेत दिल्ली तथा पंजाब में सप्लाई किया जाना था। ड्रग्स की खेप के साथ पकड़े गए दोनो आरोपी रविशंकर और विकास उर्फ भोला ड्रग्स सिंडिकेट के बड़े नाम बताए जा रहे है और दिल्ली पुलिस लंबे समय से दोनों की तलाश थी। पुलिस उपायुक्त पीएस कुशवाहा ने बताया कि दबोचा गया रविशंकर इससे पहले भी तीन बार ड्रग्स के मामले में पकड़ा जा चुका है। उस पर कुल 19 मामले नारकोटिक्स के दर्ज है। पंजाब में रवि शंकर ने एक बड़ा नेटबर्क तैयार किया हुआ था। इससे पहले भी पिछले एक साल में यह आरोपी करीब 50 किलो ड्रग्स की खेप देश के विभिन्न शहरों में सप्लाई कर चुका है। पूछताछ में पता चला है कि साल 2012 में जेल से बाहर आने के बाद लगातार रविशंकर देश के विभिन्न हिस्सों में संचालित होने वाले ड्रग्स रेकैट से जुड़ा था जबकि उसने यह भी बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से ड्रग्स की यह खेप फ्लाइट के जरिये भारत आती थी। जिसके बाद कोरियर के जरिये देश के विभिन्न हिस्सों में अलग अलग शहरों में सप्लाई किया जाता था। दरअसल 27 दिसम्बर को एसीपी अतर सिंह को टीम को यह जानकारी मिली थी कि कुख्यात ड्रग्स तस्कर किसी नाईजीरियन से नशे की खेप आउटर रिंग रोड के विकासपुरी न्यू महावीरनगर में एक गुरूद्वारा के पास लेने आने वाला है और इस जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रविशंकर समेत उसके सहयोगी को धर दबोचा। हालांकि विदेशी नागरिक पकड़ा नहीं जा सका। स्पेशल सेल के मुताबिक दवाईयों के कैप्सूल में छुपाकर ड्रग्स की खेप सप्लाई हो रही थी जबकि गिरफ्तार रविशंकर उर्फ रवि अरोरा तथा विकास उर्फ भोला ने खुलासा किया कि यह नशे की खेप दिल्ली में नाईजीरियाई नागरिक से ली थी। पुलिस ने बताया कि नाईजीरियाई नागरिक के माध्यम से पाकिस्तान और अफगानिस्तान से हेरोइन भारत लाया जाता था और भारत से यूरोपीय देशों में भी ड्रग्स भेजा जाता है। पुलिस ने करीब पांच सौ ग्राम हेरोइन रविशंकर के पंजाब के होशियारपुर से जब्त की। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की गिरफ्त में आए रविशंकर उर्फ रवि अरोड़ा बेहद शातिर है। सूत्रों ने दावा किया कि अगर आरोपी मादक पदार्थ की सप्लाई के चौथे मामले में दोषी करार हुआ तो पुलिस उसकी फांसी की सजा की मांग कर सकती है। पुलिस ने दावा किया कि शातिर आरोपी पूर्व में तीन बार ड्रग्स सप्लाई के चलते दोषी करार हो चुका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार रवि शंकर उर्फ रवि अरोड़ा एनडीपीएस के दो मामलों में 20 साल की सजा हो चुकी है जबकि प्रत्येक साल 50 किलो से भी ज्यादा ड्रग्स सप्लाई करता रहा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार रवि काफी समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहा है और उसके साथ दबोचा गया विकास उसका पड़ोसी है। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह पंजाब की कपूरथला जेल में बंद था। जहां उसकी मुलाकात एक नाइजीरियाई मूल की रहने वाली महिला से हुई थी । यह महिला भी जेल में ड्रग्स की सप्लाई के आरोपों के चलते बंद है और उसके ही माध्यम से दिल्ली में रहने वाले एक नाइजीरियन तस्कर के बारे में जानकारी मिली थी। जिसके बाद वह दिल्ली आकर उससे हेरोइन की खेप लेने लगा और खेप लेने के बाद भारत समेत यूरोप और अफ्रीका आदि देशों में भी ड्रग्स पहुंचाता रहा है। स्पेशल सेल ने दावा किया कि दिल्ली में मौजूद नाईजीरियन तस्कर अपने नेटवर्क में शामिल विभिन्न तस्कर समूह से हेरोइन की खेप भारत मंगवाता है और इस खेप को उसके एजेंट अपने पेट में कैप्सूल के जरिए डालकर लाते थे, ताकि एयरपोर्ट पर वह असानी से पकड़े नही जा सके। बाद में दिल्ली आने पर वह इस खेप को शौच के रास्ते निकालकर नाइजीरियन तस्कर को दे देते थे, जिसकी सप्लाई वह आगे करता था।

### हिन्दू कॉलेज : मादक पदार्थ की तस्करी में गिरफ्तार वर्तमान में कॉलेज के छात्र नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली विविद्यालय से सम्बद्ध हिन्दू कॉलेज ने दो छात्रों के मादक पदार्थों की तस्करी में पकड़े जाने के मामले को लेकर सोमवार को अपनी स्थिति स्पष्ट की। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि जो दो छात्र गिरफ्तार हुए हैं, वह वर्तमान में कॉलेज के छात्र नहीं है, बल्कि अब वे दोनों पूर्व छात्र हैं। कॉलेज ने कहा कि एक पूर्व छात्र तेनजिन पंचोग ने वर्ष 2012 में बीएससी फिजिक्स ऑनर्स में दाखिला लिया था और उन्होंने वर्ष 2015 में अपना कोर्स पूरा कर लिया था। इसके बाद वर्ष 2015 में एमएससी फिजिक्स ऑनर्स में दाखिला था और इसी साल पास कर लिया था। इसी प्रकार दूसरा छात्र गौरव कुमार ने वर्ष 2013 में बीए ऑनर्स ईकोनॉमिक्स ऑनर्स में दाखिला लिया था और वह फेल हो गया था। इसके बाद उसने दोबारा वर्ष 2014 में दाखिला लिया था। इसके बाद उसने अप्रैल-मई 2017 में अंतिम परीक्षा दे दी थी। लिहाजा दोनों छात्र अब हिन्दू कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। बता दें कि बीते शनिवार को नए साल से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए नाकरेटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने यहां मादक पदार्थ की आपूित्तर के गिरोह में कथित रूप से शामिल होने के लिए दिल्ली विविद्यालय, जेएनयू और एमिटी विविद्यालय के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। इसमें हिन्दू कॉलेज के दो छात्रों का नाम सामने आया था। इसके बाद कॉलेज ने सोमवार को स्पष्ट किया यह दोनों छात्र कॉलेज के मौजूदा छात्र है ही नहीं।

### नौ माह में कराए करोड़ों के विकास कार्य : धीरेंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने नौ माह के कार्यकाल में करोड़ों के विकास कार्य कराये हैं। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत, पीएमजीएसआई, पीडब्ल्यूडी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तथा नगर पंचायतों में सड़क, सीवर, बारातघर आदि का निर्माण कराया है। चालू वित्त वर्ष में वह विधायक निधि से मिलने वाली 1.50 करोड़ की धनराशि को विकास कायरे पर खर्च कर देंगे। सिंह सोमवार को पत्रकार वार्ता में अपने नौ माह के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बता रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से विकास कार्य कराने के लिए 1.50 करोड़ प्रतिवर्ष मिलते हैं। उन्होंने जिला पंचायत के कुछ विकास कार्य सरकारी कर्मचारियों की लाल फीताशाही के चलते अटकी पड़ी थीं। उन्होंने 1303 लाख रपए की धनराशि से क रीब 16.190 किलोमीटर लम्बे मार्ग का निर्माण कराया है जिससे करीब 25 गांवों को लाभ मिलेगा। पीएमजीएसवाई योजना के तहत जेवर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 52 किमी लम्बी सड़क निर्माणाधीन है।

### नगर निगम में शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था : मेयर

## उज़री दिल्ली नगर निगम क्षेत्र खुले में शौच मुक्त घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने साल के पहले दिन ही पूरे क्षेत्र को शौच मुक्त घोषित कर दिया। निगम की मेयर प्राति अग्रवाल एवं आयुक्त मधुप व्यास के प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि पर्याप्त मात्रा में शौचालय उपलब्ध हैं। उनका सभी से आग्रह है कि वह खुले में शौच न करें।

खुले में शौच करने वालों को रोकने के लिए नगर निगम के कर्मचारी भी जगह-जगह उपलब्ध रहेंगे और खुले में शौच करने पर व्यक्ति को रोकेंगे। इसके

**खुले में शौच करने वालों को रोकेंगे निगम के कर्मचारी पहले रोको-टोको, फिर बजायेंगे सीटी**

लिए वह पहले उसे टोकेंगे और बाद में सीटी बजाकर बेइज्जत भी करेंगे। निगमायुक्त ने खुले में शौच मुक्त व्यवस्था का सख्ती से पालन करने के लिए सभी क्षेत्रीय उपायुक्त को नजर रखने के कहा है। इस मौके पर मेयर एवं निगमायुक्त ने निगम की वार्षिक डायरी का भी लोकार्पण किया। मेयर प्रीति अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में शौचालयों की व्यवस्था की गई है।

उत्तरी दिल्ली में 314 सामुदायिक शौचालय हैं। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालय भी हैं। कोई को जरूरतमंद व्यक्ति पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट, मेट्रो स्टेशन आदि का शौचालय निसंकोच इस्तेमाल कर सकता है।

इसके अलावा निजी संस्थानों को कहा गया है कि वह शौचालय के इस्तेमाल के लिए सभी को छूट दें। मेयर ने बताया कि इसके अलावा और नये शौचालयों का भी निर्माण चल रहा है। शौचालय को ढूंढ़ने में लोगों को दिक्कत न हो, इसके लिए पहले ही गूगल एप्प लांच किया जा चुका है। निगमायुक्त मधुप व्यास ने निगम क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त किये जाने के लिए अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने कि नवनिर्मित शौचालयों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त अभियान चला रहे हैं। उन्होंने इस बात पर राहत की सांस ली कि खुले में शौच करने वालों को शुभंकर रोको-टोको अभियान सख्ती से चला रहे हैं। इसमें सीटी बजाओ अभियान भी शामिल है। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में केवल सीटी बजाकर लोगों को खुले में शौच करने से रोका जायेगा। यह अभियान पूरा होने तक लोग नहीं मानें, तो जुर्माने के प्रावधान पर विचार किया जयेगा। नगर निगम एक्ट में खुले में शौच करने वालों पर जुर्माने का भी प्रावधान है, लेकिन जुर्माने पर बाद में विचार किया जायेगा।

**जिसने प्रथम अर्थात ब्रह्मर्चय आश्रम में विद्या अर्जित नहीं की, द्वितीय अर्थात गृहस्थ आश्रम में धन अर्जित नहीं किया, तृतीय अर्थात वानप्रस्थ आश्रम में कीर्ति अर्जित नहीं की, वह चतुर्थ अर्थात संन्यास आश्रम में क्या करेगा -उपनिषद**

## पार्टी बनाने की घोषणा

तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत द्वारा राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा से तमिलनाडु की राजनीति में नया मोड़ आने की संभावना है। रजनीकांत कोई सामान्य फिल्म कलाकार नहीं है। उनके समर्थकों और चाहने वालों के लिए वे एक आइकॉन हैं। उनका जादू लोगों के सिर पर किस कदर बोलता है इसके अनेक प्रमाण समय-समय पर मिलते रहते हैं। यह कहना मुश्किल है कि राजनीति में आने के बाद उनको कितनी सफलताएं मिलेंगी लेकिन ऐसे व्यक्ति का राजनीति में आना कम-से-कम निष्प्रभावी तो नहीं हो सकता। उन्होंने तमिलनाडु की सभी 234 विधान सभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। अगर वे इस पर कायम रहते हैं तो इसका अर्थ यह हुआ कि वो बिना किसी गठजोड़ के चुनाव लड़ेंगे। पहले कयास लगाया जा रहा था कि वे भाजपा के संपर्क में हैं। उनके विचार भी भाजपा के निकट जाने जाते हैं। किंतु उनकी इस घोषणा से यह अनुमान तत्काल धाराशायी हो गया है। यह समय तमिलनाडु की राजनीति में संक्रमणकाल का है। जयललिता के निधन और एम. करु णानिधि की बढ़ती उम्र के कारण निष्क्रियता से दो ध्रुवों की राजनीति में नेतृत्व के स्तर पर एक खालीपन आ गया है। अन्नाद्रमुक में तो नेतृत्व का संघर्ष अभी तक थमा नहीं है। अभी आरके नगर के चुनाव में जिस ढंग से शशिकला के भाई दिनाकरण ने विजय दर्ज की उससे जनता के मूड का भी पता चलता है। यानी अन्नाद्रमुक के वर्तमान नेतृत्व को जनता जयललिता का उत्तराधिकारी नहीं मानती। इसमें रजनीकांत एक विकल्प हो सकते हैं। तमिलनाडु में फिल्मी हस्तियों को राजनीति में सफलता मिलने का पूरा अतीत है। उनके फैन्स की संख्या हर विधान सभा क्षेत्र में है। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उनका समर्थन आधार पहले से कायम है। उन्होंने कहा है कि उनके सभी फैन्स क्लब अब एक हो जाएं। रजनीकांत ने राजनीति के लिए विचारधारा भी दिया है। उन्होंने न केवल तमिलनाडु की राजनीति में निहित भारी भ्रष्टाचार से मुक्ति का आह्वान किया, बल्कि कहा है कि सत्य, कार्य और विकास उनकी पार्टी के तीन मंत्र होंगे। यह भी कहा कि मैं सेकुलर और आध्यात्मिक राजनीति करना चाहता हूं। इन सब बातों से लगता है कि राजनीति में आने के पहले उन्होंने काफी मंथन किया है।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई 36 घंटे चलना ही यह साबित करता है कि उन्होंने हमले के पहले पूरी तैयारी की थी। वैसे भी कोई या कुछ आतंकवादी यदि मरना तय करके आते हैं तो उनसे निपटना आसान नहीं होता। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शिविर पर रात 2 बजे का हमला बिल्कुल आत्मघाती था। किंतु उसमें हमारे पांच जवानों का शहीद हो जाना चिंताजनक है। साल 2018 के पहले ही दिन हमारे इतने जवानों को शहीद करके आतंकवादियों ने साफ कर दिया है कि वे इतनी जल्दी हार मानने वाले नहीं हैं। यह कम चिंता की बात नहीं है कि तीन आतंकवादी हमारे पांच जवानों की जान कुछ मिनट में ही ले लें और उनसे निपटने में सुरक्षा बलों को 36 घंटा लग जाए। ध्यान रखिए, दो आतंकवादी तो हमले के कुछ ही घंटों में ढेर हो गए थे। यानी एक आतंकवादी ने सुरक्षा बलों को इतने लंबे समय तक उलझाए रखा। हम सुरक्षा बलों के शौर्य को कम करके नहीं आंक रहे।

सुरक्षा बलों को कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। इसलिए इनकी राह कठिन होती है। पुलवामा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शिविर पर हमला एवं उसके विरुद्ध कार्रवाई भी इसी श्रेणी की थी। कहा जा रहा है कि पांच दिन पहले ही सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ऑल आउट के तहत जैश-ए-मोहम्मद के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी 4 फीट के नूर मोहम्मद तांत्रेय को मार गिराया था। जैश ने उसी की प्रतिक्रिया में यह हमला किया है। इसका अर्थ है कि जब तक ऑपरेशन ऑल आउट चलेगा और उनकी संख्या बची रहेगी वे ऐसे हमले की कोशिश करेंगे। एक चौंकाने वाली बात 17 वर्षीय फरदीन अहमद खांडे का आतंकवादी बनना भी है। इसका पता उसके शव की पहचान होने के बाद चला है। खांडे के पिता गुलाम मोहम्मद खांडे जम्मू-कश्मीर पुलिस में ही अधिकारी हैं। अगर जैश या दूसरे आतंकवादी समूह पुलिस अधिकारियों के बच्चों को अपने साथ मिलाने में सफल हो रहे हैं तो साफ है कि लड़ाई कितनी कठिन है। तो एक साथ न केवल कार्रवाई जारी रखने की चुनौती है बल्कि बच्चों पर भी नजर रखने की जरूरत है।

## सत्संग

### वातावरण में उत्साह

सब कुछ नया-नया सा है। वातावरण में उत्साह है। नये वर्ष को बुलाने में हमें कोई मेहनत नहीं करनी पड़ती। धरती और सूरज घूमते हैं और समय के चक्र को गतिमान करते हैं। पर कैलेंडर के साथ आने वाले नये वर्ष का स्वागत करते समय हम क्षण भर को रुक जाएं और सोचें कि इस साल में हम कैसे नये हो सकते हैं? इसके लिए हम अपने भीतर जो-जो पुराना है, उसे तिलांजलि दे दें। आपके जो भी अधूरे काम हों उन्हें पूरे कर लीजिए। क्या आपने अपने भीतर इसे देखा है कि अधूरे कामों में आपकी बहुत सी ऊर्जा अटकी होती है? अगर आप अपने काम पूरे कर लेते हैं तो आपकी उलझी हुई ऊर्जा मुक्त हो जाती है। अगर कोई काम पूरा नहीं होता तो वह आपके दिमाग में बना रहता है, दस्तक देता रहता है कि मुझे पूरा करो। जो करें उसे उसकी समग्रता में करें। अगर आप स्नान कर रहे हैं, तो उसे पूरी समग्रता से करिए। यह कैसे करेंगे भला? उस स्नान में उपस्थित रहें, दूसरे सोच-विचार में न उलझे रहें, पानी के स्पर्श का आनंद लें, उसे जिएं, उसे महसूस करें। अगर भोजन कर रहे हैं, तो पूरी तरह से वही करें, बाकी सभी चीजें भूल जाएं। आपकी मौजूदा क्रिया के अलावा इस दुनिया में आपके लिए उस समय और कुछ नहीं हो। हर रात सोने से पहले उस दिन को विदा करिए। जब इस प्रकृति में वह दिन खत्म हो गया तो फिर उसे दिमाग में ढोते रहने से क्या फायदा? अगर दिन में कुछ अधूरा रह भी गया है तो उसे अपने दिमाग में पूरा कर डालें। सोने से पहले बिस्तर पर बैठ जाएं और अपनी स्मृति में उस क्षण से पीछे की ओर यात्रा करें, उलटी दिशा में। रात-शाम-दोपहर-सुबह-इस तरह जागने के पहले क्षण तक पहुंच जाएं। पूरे दिन की घटनाओं को एक फिल्म की तरह देखें, मानो वह किसी और के जीवन में घट रही है। इससे आपका दिन भर का बोझ हल्का होगा। घटनाओं से तादात्म्य होने के कारण जो सुख या दुख होता है उससे एक दूरी बनेगी। और कुछ अधूरा रह गया हो तो उसे कल्पना में ही पूरा कर लें। अगर किसी को प्यार करने के लिए तड़प रहे थे, तो उसे मन में प्यार ही कर लें। किसी को पीटना चाहते थे, तो सोने से पहले मन में यह काम भी पूरा कर लें। हर चीज खुद को पूरा करना चाहती है। हर रात सोने से आधे घंटे पहले यह काम कर डालें, तो अगली सुबह आप तरोताजा उठेंगे। अच्छा है कि जीवन में चुनौती है, वर्ना जीवन मृत हो जाएगा।

# ''बड़े निवाले' की जरूरत

**स्वास्थ्य संबंदी व्यय लोगों को गरीबी और वंचना के दलदल में धकेलने के बड़े कारक होते हैं। टोक्यो घोषणा, दिसम्बर, 2017 से यूएचसी को नियंतण्र स्तर पर गति मिली है। यूएचसी के महत्त्वपूर्ण सिद्धांत एनएचपी का हिस्सा हैं। देश में अनेक सकारात्मक बदलावा आए हैं, और आजादी के सत्तर वर्ष पश्चात यह एक अवसर है जब नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए कायाकल्प कर देने वाले उपाय अपनाए जा सकते हैं। भारत में यूएचसी को क्रियान्वित किया जाना भले ही चुनौतीपूर्ण हो लेकिन यह ऐसा लक्ष्य तो नहीं ही है, जिसे हासिल न किया जा सकता हो। कुछ `बड़ा सोचने 'से यह भी आशय यह भी है कि भारत को यूएचसी को आगे बढ़ाने में बढ़कर भूमिका निभानी चाहिए।**

सतीश पेडणोकर

त्तीय वर्ष 2017-18 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन में 27 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। वर्ष के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी), 2017 घोषित की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएमसी) बिल लाया जो संसद में पारित होने पर मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई), अधिनियम, 1956 का स्थान लेगा। मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 व एचआईवी एंड एड्स (प्रिवेंशन एंड कंट्रोल)एक्ट पारित किया गया। हृदय रोग संबंधी स्टेंट्स तथा विकलांगों के अंग प्रत्यारोपण संबंधी लागतों को विनियमनों के जरिए माकूल बनाया गया। डॉक्टरों से कहा गया कि नुस्खों में दवाओं के जेनरिक नाम लिखें। नीति आयोग ने तीन वर्षीय कार्ययोजना (जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र शामिल है) जारी की; राज्य स्तर पर देश में पहली दफा हृदय रोग संबंधी आंकड़े जारी हुए तथा नेशनल न्यूट्रीशन मिशन की घोषणा हुई। वर्ष के उत्तरार्ध में तमाम खबरें थीं, जिनमें समूचे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की खराब गुणवत्ता का जिक्र था। ये खबरें सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों द्वारा मुहैया कराई जारी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर थीं। गोरखपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज तथा देश के कुछ हिस्सों में जिला अस्पतालों में बच्चों की मृत्यु होने की खबरें मिलीं। दिल्ली के एक निजी अस्पताल ने तो हद ही कर दी जब उसने एक जीवित शिशु को मृत घोषित कर दिया।

खबरें ऐसी भी थीं कि कुछ अस्पताल मरीजों से बेतहाशा वसूली कर रहे थे। बीता साल केंद्रीय बजट 2016-17 में घोषित नेशनल हेल्थ प्रोटेक्शन स्कीम को आरंभ किए जाने की प्रतीक्षा में ही गुजर गया। इस महत्त्वाकांक्षी घोषणा में मंसूबा जताया गया था कि 150,000 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों (एचडब्ल्यूसी) में तब्दील किया जाएगा। घोषणा की गई थी कि साल 2017 में कुल स्वास्थ्य उपकेंद्रों में से 4,000 (या कुल उपकेंद्रों के 3%) एचडब्ल्यूसी में बदल दिए जाएंगे। कह सकते हैं कि 2017 का साल ऐसा था जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए तमाम नीतियों और नियम-कायदों की बात थी। एनएसपी, 2017 का लक्ष्य है कि ''सभी तक बिना वित्तीय अड़चन गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सेवाएं पहुंचाई जाएं'। यह मंसूबा सही मायनों में ''यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज(यूएचसी) संबंधी नियंतण्र चर्चा को ही बयां करने वाला है। पंद्रह वर्ष पूर्व घोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2002 में कुछ लक्ष्य प्रस्तावित थे; लेकिन जब एनएचपी, 2017 जारी की गई तो अनेक लोगों को लगा कि कुछेक लक्ष्यों को छोड़कर एनएचपी, 2002 को ही दोहरा दिया गया है। कमोबेश कहा जा सकता है कि बीते 15 से 20 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्रमें कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है। दरअसल, नीति-नियमन अपने तई कोईसमाधान नहीं होते। स्पष्ट है कि भारत में स्वास्थ्य पण्राली को दुरुस्त करना है, तो पूर्व में किए जा चुके प्रयासों से सिरे से भिन्न उपाय करने होंगे। जून, 2014 में दिए गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन में समाधान तलाशा जा सकता है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा था, ''जरूरी है कि हम व्यापकता में सोचें। कुशलता, स्तर और त्वरिता को ध्यान में रखकर विचार करेंगे तो भारत के तेजी से आगे बढ़ने के रास्ते उतने ही आसान होंगे।' हालांकि उनकी टिप्पणी किसी अन्य संदर्भ में थी, लेकिन यह स्वास्थ्य क्षेत्रपर भी लागू होती है। आर्थिक वृद्धि को सर्वोच्च रखते हुए अधिकांश एलएमआईसी चाहते हैं कि भारत समेत सभी देशों के नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर रहे। इसलिए स्वास्थ्य संबंधी प्रत्येक विमर्श अर्थव्यवस्था के संदर्भ में किया जाना जरूरी है। किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए स्वस्थ नागरिक होना अत्यावश्यक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक विकास संबंधी उच्चस्तरीय आयोग, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी तथा लांचट की रिपोटरे के मुताबिक, जीवन प्रत्याशा में एक अतिरिक्त वर्ष की बढ़ोतरी से जीडीपी में 4% का इजाफा हो जाता है। और स्वास्थ्य पर व्यय किया गया प्रत्येक डॉलर 9 गुणा निवेश के रूप में मिलता है। स्वास्थ्य संबंदी व्यय लोगों को गरीबी और वंचना के दलदल में धकेलने के बड़े कारक होते हैं। टोक्यो घोषणा, दिसम्बर, 2017 से यूएचसी को नियंतण्र स्तर पर गति मिली है। यूएचसी के महत्त्वपूर्ण सिद्धांत एनएचपी का हिस्सा हैं। देश में अनेक सकारात्मक बदलावा आए हैं, और आजादी के सत्तर वर्ष पश्चात यह एक अवसर है जब नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए कायाकल्प कर देने वाले उपाय अपनाए जा सकते हैं। भारत में यूएचसी को क्रियान्वित किया जाना भले ही चुनौतीपूर्ण हो लेकिन यह ऐसा लक्ष्य तो नहीं ही है, जिसे




हासिल न किया जा सकता हो। कुछ''बड़ा सोचने'से यह भी आशय यह भी है कि भारत को यूएचसी को आगे बढ़ाने में बढ़कर भूमिका निभानी चाहिए। बेहतर स्वास्थ्य का लक्ष्य हासिल करने तथा भारत में यूएचसी को लागू करने के लिए जरूरी है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के मौजूदा कार्यबल को नये सिरे से दक्ष बनाया जाए। दक्ष मानव संसाधन की उत्पादकता में इजाफा किया जाए। इस क्षेत्रमें रोजगार सृजन और दक्ष स्वास्थ्य कार्यबल होने से आर्थिक विकास को संबल मिलेगा। ''कुशल भारत' पहल को भी मजबूती मिलेगी। भूखा होने पर छोटे निवाले से काम नहीं चलता, ''बड़े निवाले' की जरूरत होती है। कई दफा स्वास्थ्य पण्राली में नतीजे हासिल करने के लिए हदों को पार करने की जरूरत महसूस होती है। इतना ही नहीं आगामी 12 वर्षों के लिए लक्ष्य तय कर लेने होंगे। कम-से-कम दो-तीन राज्य तो सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्धता जता ही सकते हैं कि वे आगामी 3 से 5 वर्ष के भीतर यूएचसी को हासिल कर लेंगे। कुछराज्यों को एनएचपी, 2017 के प्रस्ताव अनुसार स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने बजट का 8त्न इस्तेमाल करने में सफल होना चाहिए। ऐसा खाका तैयार किया जाए ताकि आगामी 6-7 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जीडीपी का 3-4% व्यय किया जाना सुनिश्चित हो सके। दशकों से भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र योजना बनाने पर तो ध्यान देता रहा है, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन के स्तर पर बहुत कम किया जा सका है। योजना आयोग को भंग किया जा चुका है लेकिन पहले जैसा ढर्रा अभी भी बना हुआ है।

## चलते चलते

### ''बुरा ना मानो आम बजट है'

**2018 ने आने से इनकार कर दिया हो, फिर उसे मनाकर ले आए हों वो। वैसे हाल जैसे हो लिये हैं कि उसमें 2018 को आने से इनकार ही कर देना चाहिए। पर नये साल की खूबी यही है कि आ जाता है, कोई बुलाए या नहीं,कोई चाहे या नहीं, आ ही जाता। जो केंद्र में मंत्री बने हुए हैं।**

2018, कई लोग इतने जोश से 2018 की शुभकामनाएं दे रहे हैं, मानो वो ही खींचकर लाए हों 2018 को। जैसे 2018 ने आने से इनकार कर दिया हो, फिर उसे मनाकर ले आए हों वो। वैसे हाल जैसे हो लिये हैं कि उसमें 2018 को आने से इनकार ही कर देना चाहिए। पर नये साल की खूबी यही है कि आ जाता है, कोई बुलाए या नहीं, कोई चाहे या नहीं, आ ही जाता। जो केंद्र में मंत्री बने हुए हैं, वो तो 2014 के बाद कोई साल आगे बढ़ता ही ना देखना चाहते। वक्त ठहर जाए जैसे। सत्ता से जो दूर हैं, वह चाहते हैं कि अभी सीधे 2019 में दाखिल हों और चुनाव जीतकर सरकार बना लें। 2017 की शुरुआत के आसपास बाहुबली फिल्म का बहुत जोर था 2017 के अंत में साऊथ के परम बाहुबली स्टार रजनीकांत ने फिल्मों में आने की घोषणा कर दी है। एक बाहुबली से दूसरे बाहुबली तक, चर्चाएं इसी में फंस गई हैं। बाहुबली से शुरु हुए थे, रजनीकांत पर आ गए। 2017 के शुरू में बाहुबली की फिल्मी चर्चा थी। साल के अंत तक यह चर्चा रजनीकांत की फिल्मी चर्चा में बदल गई। इतना बदलाव आया कि पद्मावती का नाम बदलकर पद्मावत हो गया। 2018 आ गया है, फिर एक महीने में आम बजट आ जाएगा। फिर होली आ जाएगी। ''बुरा ना मानो होली' की तर्ज पर ही ''बुरा ना मानो आम बजट है' की उद्घोषणा होनी चाहिए। यह संभव है कि कमाई के मामले में पद्मावत गए साल की बाहुबली फिल्म को पीट दे। अगर ऐसा हो गया तो अंधविासी फिल्म निर्माता फिल्मों के नाम बदलकर उन्हें रिलीज कर देंगे। बाहुबली ही दोबारा बाहुबल के तौर पर रिलीज हो सकती है। फिलीस्तीन एकता कपूर की सीरियल की पात्रों की तरह का बरताव कर रहा है। फिलीस्तीन दिखता इंडिया के साथ है, पर होता पाक आतंकी हाफिज सईद के साथ है। रजनीकांत का 2017 के अंत में दिया गया बयान बहुत डरानेवाला है। उन्होंने कहा कि वह आध्यात्मिक राजनीति करेंगे। राजनीति तो इस मुल्क में आम आदमी किसी की भी झेलने को तैयार हो गया, पर अध्यात्म के नाम पर जैसे राम रहीम और वीरेंद्र दीक्षित दिखे हैं, उसे देखकर अध्यात्म से खौफ पैदा हो गया है। हमारी दुआ है कि रजनीकांत सिर्फ राजनीति करेंगे, अध्यात्म नहीं।

## फोटोग्राफी...



### हिमाचल के किन्नौर में संकरी सड़क के मोड़ पर रोमांचक नजारा

ये तस्वीर हिमाचल में रिकांगपिओ से 10 किमी दूर सुसाइड पॉइंट की है। 550 फीट पर टिका यह रोमांचक पॉइंट किन्नौर के रास्ते में संकरी सड़क के मोड़ पर पड़ता है। पर्यटक गहरी खाई को ऊपर से देख सकें, इसलिए चालक बस खाली कराकर चट्टान के किनारे लगा देते हैं। सुसाइड पॉइंट को ये नाम बंगाल से आए कुछ लोगों ने दिया था। उसके बाद स्थानीय लोग भी इसे सुसाइड पॉइंट कहने लगे। अच्छी बात ये है कि यहां आज तक किसी ने खुदकुशी का प्रयास नहीं किया। खतरे को देखते हुए यहां किसी को रुकने की इजाजत नहीं है।


हिमाचल के किन्नौर में संकरी सड़क के मोड़ पर रोमांचक नजारा

550 फीट पर टिका है सुसाइड पॉइंट, पर आज तक किसी ने जान नहीं दी

## प्रदूषण एक आम समस्या

प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिससे आज कोई भी अछूता नहीं है। बच्चे, नौजवान, वृद्ध, स्त्रियां, पेड़-पौधे, वनस्पतियां और जीव-जंतु सभी इससे प्रभावित हैं। कहीं इंसान इसके चलते जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहा है, कहीं नवजात बच्चे कम वजन के पैदा हो रहे हैं तो कहीं यह बच्चों के दिमाग पर बुरा असर डाल रहा है। कहीं गर्भस्थ शिशुओं के लिए यह जानलेवा साबित हो रहा है, कहीं बच्चों को गुस्सैल बना रहा है। यह न केवल इंसान के फेफड़े खराब कर रहा है, बल्कि नौनिहालों के ''आईक्यू' को कम कर उनमें स्मृति लोप ला रहा है। यह भिन्न प्रकार के तंत्रिका संबंधी और सांस व दमा रोगों का भी जन्मदाता है। इसका सीधा संबंध न्यूमोनिया से है जो अकेले भारत में हर साल तकरीब 18 लाख बच्चों की जान ले लेता है। यूनिसेफकी हालिया रिपोर्ट के मुताबिक यह बच्चों में चिंता और विकास संबंधी बीमारियों को भी जन्म देता है। प्रदूषण एक साल से कम उम्र के बच्चों के दिमाग पर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव डालता है। इसके अति सूक्ष्म कण बच्चों के खून में प्रवेश करके वहां से दिमाग में पहुंच जाते हैं। उस पर बुरा प्रभाव पड़ने से बच्चों में अलजाइमर और पार्किंसन जैसी भयानक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पांच साल की उम्र तक वायु प्रदूषण के प्रभाव से बच्चों के ''आईक्यू' में पांच अंकों तक की गिरावट आ सकती है। यह खतरनाक संकेत है। प्रदूषण गर्भ में पल रहे बच्चों पर भी असर डाल रहा है। प्रदूषण की वजह से मां के पेट में भ्रूण का विकास प्रभावित हो रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 2500 ग्राम से कम वजन वाले नवजात कम वजन में आते हैं। आंकड़ों के अनुसार समूची दुनिया में पैदा होने वाले बच्चों में 15 से 20 फीसद कम वजन वाले होते हैं। यूनीवर्सिटी ऑफलंदन के इंपीरियल कालेज और किंग्स कालेज लंदन द्वारा किए गए शोध के मुताबिक मां बनने जा रही महिला जब इन रसायनों और वायु प्रदूषक तत्वों के संपर्क में आती है तो उसकी कोख में पल रहे शिशु के स्वस्थ मस्तिष्क के विकास में अवरोध पैदा होता है। दुनिया में 19.2 करोड़ बच्चे औसत से कम वजन के हैं। वहीं 56 फीसद लड़के दुनिया में कम वजन वाले हैं। जबकि भारत में कम वजन वाले बच्चों की तादाद 9.7 करोड़ है। यह आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। सच तो यह है कि गर्भाशय किसी भी भ्रूण को बाहरी तरह के किसी भी नुकसान से बचाता है। शोध के दौरान महिलाओं की जांच में पाया गया कि उनके शरीर में विषैले रसायन मौजूद हैं जिसकी असली बजह वायु और ध्वनि प्रदूषण है। व्यायाम से सेहत पर पड़ने वाले प्रभाव वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से बेअसर हो जाते हैं। जो सेहतमंद लोगों के साथ-साथ पहले से ही दिल और फेफड़ों की बीमारियों से परेशान लोगों में इस तरह के नकारात्मक प्रभाव को सामने रखता है। दुनिया में 1.70 करोड़ बच्चे वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। अंतरराष्ट्रीय वायु प्रदूषण के मानकों से भी छह गुणा अधिक प्रदूषित माहौल में रहने को विवश हैं। असल में आज राजधानी दिल्ली ही नहीं वरन समूचा उत्तर भारत वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि वातावरण खराब करने में औद्योगिक प्रदूषण, कृषि अवशेष जलाना और वाहनों से निकलने वाला धुंआ अहम् भूमिका निभा रहा है। हालत में भविष्य की कल्पना मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। फिर इस विभीषिका से जन्मी बीमारियों के निदान की आशा तब और धूमिल हो जाती है जब यह मालूम पड़ता है कि देश में एक हजार आबादी पर एक डॉक्टर भी नहीं है। ऐसा लगता है कि हवा में घुल रहा यह जहर मानव अस्तित्व के विनाश का कारण बनेगा। इसमें दो राय नहीं।

## डासना जेल में बिचाराधी बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद (ईएमएस)।** डासना जेल में एक विचाराधीन बंदी की रविवार देर रात करीब सवा 12 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में लाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जेल प्रशासन के मुताबिक रविवार रात उसे सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। प्रमोद कुमार (26) पुत्र राजकुमार निवासी हैबतपुर, बिसरख (गौतमबुद्धनगर) फरवरी 2017 से जिला जेल डासना में बंद था। उस पर अपहरण कर हत्या व सुबूत मिटाने के आरोप थे। हत्या का यह मामला विचाराधीन होने की वजह से वह जेल में बंद था। जेल प्रशासन के मुताबिक प्रमोद कुमार को रविवार दोपहर में चेस्ट पेन हुआ था। उसे जेल अस्पताल से दवाई दिलाई गई, इसके बाद वह ठीक हो गया। देर रात करीब साढ़े 11 बजे उसे फिर से सीने में दर्द हुआ। उसे पहले जेल अस्पताल ले जाया गया और फिर एमएमजी अस्पताल ले जाया गया। देर रात करीब सवा 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। जेलर आरपी चौधरी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। मौत की वजह हार्ट फेल होना माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण की सही वजह पता चल पाएगी। जेल प्रशासन ने बंदी के परिजनों को भी सूचना दे दी है।

## राजनगर एक्सटेंशन का होगा विकास

**गाजियाबाद (ईएमएस)।** एक्सटेंशन के रेजिडेंट्स को जल्द ही बेहतरीन सड़क, पानी और सीवर की सौगात मिलेगी। जीडीए इस टाउनशिप में करीब 20 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराने जा रहा है। जीडीए वीसी रितु माहेश्वरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल्द ही क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की सौगात मिलने जा रही है। जीडीए ने इस पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। पहले से ही तैयार पड़े एसटीपी सीवर लाइनों को जोड़ा जा चुका है। सफाई और परीक्षण के बाद अब इसे शुरू किया जाएगा। एक्सटेंशन की 32 सोसायटी में हजारों परिवारों ने रहना शुरू कर दिया है। इसके बावजूद कूड़ा निस्तारण और सीवर समस्या यहां समाधान नहीं हो सका है। वीसी ने बताया कि जीडीए ने यहां पूर्व में ही 19 करोड़ रुपये की लागत से सीवरलाइन डाल दी थी। साथ ही करीब 78 करोड़ की लागत से 56 एमएलडी की क्षमता वाले एसटीपी का निर्माण भी किया है। उन्होंने कहा कि जीडीए ने 2012 में राजनगर एक्सटेंशन में 21 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया था। इसके विरोध में मोरटी गांव के कुछ किसान पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट चले गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्टे दे दिया था। हाईकोर्ट मे सुनवाई के दौरान ही जीडीए एसटीपी का निर्माण कराकर क्षेत्र में सीवर लाइन भी बिछा चुका था।

## गांव में कैम्प लगाकर आवास बनाये जाने के लिए पुस्तिका के माध्यम से जानकारी दी गई

**बुलंदशहर( ईएमएस )।** मुख्य विकास अधिकारी जसजीत कौर द्वारा जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत विकास खण्ड अगौता के अधीन गांव मालागढ़ में आयोजित जागरूकता कैम्प में आवासों को बनाये जाने के लिए तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से पुस्तिका छपवाकर वितरित की गई।इस अवसर पर उन्होंने योजना के अन्तर्गत पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उठाये गये कदमों की भी जानकारी दी।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायातों में स्थायी पात्रता सूची के अनुसार ही पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार कर सार्वजनिक स्थानों पर अंकित कराई गई है।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजकिन सूचना के रूप में लिखवाया गया है कि जो लोग पात्र है उनको आवास दिया गया है,इसमें ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवों की कोई भूमिका नहीं है और न ही इन दोनों के द्वारा किसी पात्र के नाम को काटा जा सकता है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि कोई भी लाभार्थी आवास के नाम पर किसी को घूस न दें और यदि किसी के द्वारा अवैध उगाही की मांग की जाती है तो इसकी जानकारी जिलाधिकारी स्वयं उनको तथा सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के मोबाईल पर शिकायत दर्ज करायें।

## अधिवक्ता ने जांच अधिकारी पर लगाया रिश्वत का आरोप

**गाजियाबाद (ईएमएस)।** एक अधिवक्ता ने थाना कोतवाली में तैनात एक दरोगा (जांच अधिकारी) पर 10 लाख रु मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रुपये न देने पर जांच अधिकारी ने विपक्षी पक्ष से 10 लाख रुपये लेकर मामले में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगाने की धमकी दी। अधिवक्ता ने एसएसपी से शिकायत कर जांच अधिकारी बदलने और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। अधिवक्ता अजय कुमार जैन ने 5 दिसंबर को कोतवाली में जानलेवा हमले, लूट समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका कहना है कि जब वह एफआईआर की कापी लेने थाने गए तो एक दरोगा ने जांच अधिकारी के लिए अपना नाम लिखवाने और मदद करने का भरोसा दिया। आरोप है कि अगले दिन दरोगा ने उन्हें थाने बुलाया और जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई करने के लिए पांच लाख रुपये मांगे। दबाव डालकर दरोगा ने पांच लाख रुपये ले लिए और अगले ही दिन पांच लाख रुपये फिर मांगने लगे। दरोगा ने कहा कि पांच-पांच आरोपियों को लाना है और उच्चाधिकारी भी पैसा मांग रहे हैं। अधिवक्ता का आरोप है कि दोबारा पांच लाख रुपये न देने पर दरोगा ने कहा कि प्रतिवादी पक्ष 10 लाख रुपये देने के लिए तैयार है।

# तेजस्वी ने कहा गुंडागर्दी करने वालों के सरगना हैं सुशील मोदी'

### बिहार को करते हैं बदनाम, बंगाल में करते हैं मारपीट



**पटना (ईएमएस)।** बिहार सरकार में मंत्री सुरेश शर्मा पर पश्चिम बंगाल में हमले के आरोप को लेकर बिहार की सियासत गर्म हो चुकी है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को बिहार सरकार पर हमला करने का एक ओर मौका मिला गया है और वो इसमें चूक भी नहीं रहे हैं। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सुशील मोदी को गुंडागर्दी करने वालों का सरगना कहा है,तेजस्वी ने नीतीश कुमार से पूछा है कि क्या वो ऐसे मंत्री से इस्तीफा मांगेंगे? बिहार के नगर विकास मंत्री सुरेश शर्मा के सुरक्षाकर्मियों और समर्थकों द्वारा पश्चिम बंगाल के होटल में मारपीट की घटना का आरोप है।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस संबंध में एक ट्वीट किया,ऐसे हैं बिहार के भाजपा मंत्री। दूसरे प्रदेश में गुंडागर्दी कर बिहार को बदनाम करते हैं। तेजस्वी यादव यहीं पर नहीं रुके। उन्होंने यह भी कहा कि,सोचिए,ये बिहार में कितनी गुंडागर्दी करते रहे होंगे। दूसरों को बदनाम कर ये अपने काले कारनामों को अंजाम देते हैं। इन सभी घटनाओं के सरगना सुशील मोदी इस सब पर चुप रहेंगे। एक दूसरे ट्वीट में तेजस्वी यादव ने लिखा,नीतीश कुमार के मंत्री पश्चिम बंगाल में गुंडागर्दी कर रहे हैं। मंत्री के गुंडे होटल के स्टाफ को पीट रहे हैं, बीजेपी के गुंडे बिहार को बदनाम कर रहे है। ये मंत्री सुशील मोदी के आंख के तारे हैं,क्या मुख्यमंत्री इस्तीफे की मांग करेंगे? यह बिहार की बड़ी विडंबना है कि मीडिया ने बगैर तथ्यों की जानकारी किए ही कह दिया कि मंत्री पर हमला हुआ है, जबकि मंत्री के समर्थक ने वहां गुंडागर्दी की है।

# उल्लास के साथ मना सांसद जगदम्बिका पाल का 68वां जन्मदिन



**बस्ती (ईएमएस)।** पिछले 4 दशक से राजनीति के माध्यम से समाजसेवा में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी सांसद जगदम्बिका पाल का 68 वां जन्मदिन श्री सूर्य बख्श पाल स्मारक पी.जी. कालेज बनकटी में उल्लास के साथ मनाया गया। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह, गोरक्ष प्रान्त संघ चालक डॉ. पृथ्वीराज सिंह ने केक काटकर जगदम्बिका पाल के दीर्घायु सुखद जीवन की कामना किया। छात्रों ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

प्राचार्य डा. अजीत प्रताप सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह ने कहा कि सांसद जगदम्बिका पाल ने जन विश्वास अर्जित करने के साथ ही बनकटी जैसे ग्रामीण क्षेत्र में जूनियर हाई स्कूल से डिग्री कालेज तक अनेक शैक्षणिक संस्थान खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। अध्यक्षता करते हुये डॉ. पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि विद्यालय की स्थापना पुनीत कार्य है, इससे भविष्य संवरता है। बनकटी क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये भटकना पड़ता था किन्तु डिग्री कालेज खुल जाने से इस क्षेत्र के बेटियों को सर्वाधिक लाभ मिला है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि विद्यालय के प्रबंधक जगदम्बिका पाल के कुशल नेतृत्व में छात्रों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। यहां अनेक पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। उदयभान, मयंक श्रीवास्तव ने जगदम्बिका पाल के सुखद दीर्घायु जीवन की कामना किया। इस अवसर पर पंकज गोस्वामी और साथियों ने रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में देवेन्द्रपाल, रामनौकर शुक्ल, जर्नादन पाल, रणजीत सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, योगेन्द्र सिंह, गुड्डू पाल, अशोक पाल, बब्लू तिवारी, गजानन पाल, रमेश सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार पाण्डेय, ऊषा सिंह, उमेश श्रीवास्तव, दीपक गौड़, चन्दू सिंह, मु0 मुस्तफा वारसी, धनंजय सिंह, डा. राकेश यादव, अशोक चौधरी, सन्तोष कन्नौजिया, जगन्नाथ चौधरी, सुरेन्द्र प्रजापति, राधेश्याम पाण्डेय, आशा गुप्ता, बबिता, विद्या पाण्डेय, निशा पाण्डेय, जया शुक्ला के साथ ही विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री ने किसानों को नये साल की दी हार्दिक बधाई

**लखनऊ( ईएमएस ) ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर अपने आवास पर आए किसानों,किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों की समृद्धि ही प्रदेश के विकास का मानक है,इसे दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान सरकार के एजेण्डे में किसानों की समृद्धि और आय को दोगुनी करना प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पहली कैबिनेट बैठक में ही 86 लाख किसानों का रु-36000 करोड़ फसली ऋण माफ किया जाना इसका स्पष्ट प्रमाण है।प्रदेश के सभी किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच कराकर उन्हें अभियान के रूप में मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं।प्रदेश के सभी राजस्व गांवों में जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रु 8000 प्रति यूनिट वाली 1-1 वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की स्थापना के लिए रु 6000 अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।सिंचाई की सुविधा के लिए 50 से 70 प्रतिशत अनुदान पर 20000 सोलर पम्प अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मौसम की विपरीत स्थितियों से किसानों को निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि अनेकानेक योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से सरकार पूरी संवेदनशीलता और सम्बद्धता से किसानों के कल्याण और उन्हें सक्षम बनाने के लिए संकल्पित हैं। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष रबी में पर्याप्त मात्रा में बीज,उर्वरक,पेस्टीसाइड्स की व्यवस्था की गई है तथा किसी भी निवेश की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। विभागीय अधिकारियों को पूरी क्षमता के साथ योजनाओं के समय से क्रियान्वयन करने तथा डीबीटी द्वारा पारदर्शी तरीके से शीघ्रातिशीघ्र अनुदान किसानों के खातों में पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की संचालित एक-एक योजनाओं की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए

**देवरिया(ईएमएस)।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों,सभी चिकित्सकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं को जन जन तक पहुँचाने में कोई कोताही न बरते। साथ ही मरीजो का समुचित इलाज भी सुनिश्चत कराये।उन्होने कहा कि यदि इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता पाई जायेगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी श्री कुमार ने सीएमओ कार्यालय के धनवन्तरि सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने योजनावार व्यय प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उन्हे जिस मद में धनराशि उपलब्ध करायी गयी उसे त्वरित रुप से व्यय सुनिश्चित करें।यदि धन अवशेष रहे तो उसकी शिथिलता मानी जायेगी और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगें।जिलाधिकारी जननी सुरक्षा योजना के तहत आशा कार्यकर्तियों के मानदेय का भुगतान किये जाने का निर्देश देते हुए कहा कि आशाओं का भुगतान अवशेष नही रहना चाहिये।उन्होने अनटाइड फण्ड के तहत वेट मशीन क्रय कराये जाने को कहा।उन्होने कहा कि जो चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ लम्बे समय से गायब है,उन्हे नोटिस देते हुए औपचारिकताओं को पूर्ण कर उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।उन्होने निर्देश में कहा कि ऑगनवाडी कार्यकर्तियां द्वारा बच्चो को कुपोषण चेक अप के लिए पीएचसी पर लाई जाती है,वहां चिकित्सको द्वारा चेक अप में कोई रुचि नही लिये जाने की शिकायत प्राय: आ रही है।यह अत्यन्त ही आपत्तिजनक है,इसलिए सुधार लाये और बच्चो का चेक अप सुनिश्चित करे,अन्यथा उनकी लापरवाही मानते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# रेप के आरोपी पकड़े नहीं जाने से नाराज महिला ने थाने में की खुदकुशी की कोशिश

**मथुरा (ईएमएस)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में रेप के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज एक महिला ने थाने में ही कथित तौर पर केरोसिन डालकर खुदकुशी का प्रयास किया है। कोसीकलां कस्बे की ३५ वर्षीय पीड़िता ने 1 माह पूर्व कस्बे के ही दो युवकों को नामजद करते हुए गैंगरेप का केस दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस ने दोनों में से एक की भी युवक को गिरफ्तार नहीं किया जिससे दुखी होकर महिला ने रविवार को थाने में ही खुद की जान लेने की कोशिश की। उसका आरोप है कि पुलिस की लचर कार्रवाई की वजह से एक आरोपी उस पर मामला वापस लेने का दबाव बना रहा है और धमकी दे रहा है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुसार महिला की उम्र ३५ और रेप के मुख्य आरोपी बाबू की उम्र १९ है, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच पूरी होने पर विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों में से एक की भी युवक को गिरफ्तार नहीं किया जिससे दुखी होकर महिला ने रविवार को थाने में ही खुद की जान लेने की कोशिश की। उसका आरोप है कि पुलिस की लचर कार्रवाई की वजह से एक आरोपी उस पर मामला वापस लेने का दबाव बना रहा है और धमकी दे रहा है। रेप के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज एक महिला ने थाने में ही कथित तौर पर केरोसिन डालकर खुदकुशी का प्रयास किया है। कोसीकलां कस्बे की ३५ वर्षीय पीड़िता ने 1 माह पूर्व कस्बे के ही दो युवकों को नामजद करते हुए गैंगरेप का केस दर्ज कराया था। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुसार महिला की उम्र ३५ और रेप के मुख्य आरोपी बाबू की उम्र १९ है, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। कोसीकलां थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह मलिक का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन वे फरार चल रहे हैं।

# अंबेडकर की प्रतिमा लगाने को लेकर वकीलों के दो गुटों में विवाद



**गाजियाबाद (ईएमएस)।** अनुमति लिए बिना कचहरी परिसर में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने के बाद वकीलों के दो गुटों में विवाद हो गया। बार एसोसिएशन ने इस प्रतिमा को स्थापित किया था, जबकि दूसरा गुट उसके विरोध में उतर आया। मामले की सूचना मिलने पर रविवार आधी रात को मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी भी फटकारी, मगर प्रतिमा को नहीं हटवाया जा सका। सोमवार को भी इस प्रकरण में तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस और वकील कचहरी परिसर में जमे हुए थे। कचहरी परिसर में वाणिज्य कर विभाग के दफ्तर के द्वार पर बार एसोसिएशन की ओर से डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई। इसकी देखरेख के लिए आठ-10 अधिवक्ता रात को पहरे पर रुक गए। वहीं, मूर्ति का विरोध करने वाले वकीलों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद देर रात करीब ढाई बजे एसपी सिटी आकाश तोमर के नेतृत्व में भारी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा। घायल अधिवक्ता मनोज ने बताया कि पुलिस ने मूर्ति को हटवाने की कोशिश की, जिसका वकीलों ने विरोध किया तो पुलिस ने हलके बल का प्रयोग किया, लेकिन अधिवक्ताओं ने मूर्ति को नहीं हटने दिया। एसपी सिटी का कहना है कि पुलिस ने किसी बल का प्रयोग नहीं किया, न ही मूर्ति हटवाई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश त्यागी का काकड़ा का कहना है कि एसोसिएशन ने अभी मूर्ति को स्थापित नहीं किया है। मूर्ति को केवल रखा गया है, जल्द ही एक कार्यक्रम तय कर मूर्ति लगाई जाएगी।

# बेघरों के लिए आश्रय योजना के अन्तर्गत दिये गये लक्ष्यों को पूर्ण किया जाये

**बुलंदशहर( ईएमएस )।** कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित पं दीनदयाल अन्त्योदय योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ रोशन जैकब ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत योजनाओं की समीक्षा करते हुए सर्वप्रथम शहरी बेघरों के लिए आश्रय की योजना के अन्तर्गत नगरों में आश्रय गृह निर्माण किये जाने की प्रगति पर चर्चा करते हुए कहा कि जनपद के नगर निकाय खुर्जा एवं बुलन्दशहर तथा सिकन्द्राबाद,गुलावठी एवं जहांगीराबाद सहित कुल 05 नगरों में निराश्रित व्यक्तियों के लिए आश्रय गृह का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि शहरी बेघरों के लिए आश्रय 07 दिन 24 घण्टे और सभी मौसम के लिए स्थायी बनाये जाने का प्रावधान है और प्रत्येक आश्रय गृह 50 से 100 व्यक्तियों की आवश्यकतानुसार निर्मित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।उन्होंने पांचों नगर निकायों में बैठक में उपस्थित सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को आश्रय योजना के लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।स्व रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीबों को व्यक्तिगत रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाना है।

# खाते से रुपये निकालने के बाद युवती को पीटा

**गुरुग्राम (ईएमएस)।** एटीएम से रुपये निकालने गई युवती से धोखाधड़ी कर बैंक खाते से रुपये निकालने व उससे मारपीट करने का केस सेक्टर-50 थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-57 निवासी इशा भाटला ने कहा कि वह क्षेत्र में एटीएम से रुपये निकालने गई थी। एटीएम मशीन न चलने के चलते वह दूसरे एटीएम में चली गई। इस दौरान एक युवक उसका पीछा कर रहा था। वहां भी जब रुपये नहीं निकले तो पीछा कर रहा युवक एटीएम में घुस आया और मशीन खराब होने की बात कहने लगा। इसके बाद वह पहले वाले एटीएम में पहुंच गई। यहां उसने दोबारा प्रयास किया तो पहले वाले युवक के दो अन्य साथी आ गए। रुपये न निकलने पर वह वापस घर जाने लगी। करीब 10 मिनट बाद ही उसके पास बैंक खाते से 10 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। इस पर वह वापस एटीएम गई जहां वह तीनों युवक मौजूद थे। उसमें से एक युवक को उसने पकड़ लिया है। इस पर वह युवती के साथ मारपीट करता हुआ साथियों के साथ सैंट्रो गाड़ी में फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिलाधिकारी ने अपना गांव शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण

**बुलंदशहर( ईएमएस )।** जिलाधिकारी डॉ रोशन जैकब द्वारा आज विकास खण्ड बीबी नगर के अन्तर्गत गांव अट्टा के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में अपना गांव शिविर के अन्तर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों का ग्राम सभा की खुली बैठक में सत्यापन किया।उनके द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा 14वें एवं राज्य वित्त आयोग से आवंटित धनराशि से गांव के अन्दर नाली,खडंजा,एलईडी लाईट,डस्टबिन,हेण्डपंपों को रिबोर,इण्टरलॉकिंग आदि की जानकारी हासिल करते हुए ग्राम सभा की बैठक में ग्रामीणों से इसकी पुष्टि करायी।इस गांव को 12 लाख रू की धनराशि प्राप्त हुई है।जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को गांव में अन्य कार्य कराये जाने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने गांव में प्राप्त धनराशि से अच्छा कार्य कराये जाने पर ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी की प्रशंसा की।जिलाधिकारी ने जनपद के सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा है कि पंचायत सचिवालय भवन पर अपने बैठने का दिन निर्धारित करते हुए अपने मोबाईल का नम्बर अंकित कराया जाना सुनिश्चित करें। शिविर में विधवा,वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों का सत्यापन करते हुए पेंशन के प्रकरणों में छूटे हुए पात्रों के नाम जोड़ने के आदेश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि पेंशनों के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर कैम्पों का आयोजन किया गया है।आवेदनकर्त्ताओं को केवल अपना आधार कार्ड एवं बैंक की पासबुक की छायाप्रति ले जाकर अपना आवेदन पत्र ऑनलाइन फीडिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम प्रधान को विद्यालय की बाउण्ड्रीवाल निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये।उन्होंने गांव में कूड़ा प्रबन्धन,पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश भी डीपीआरओ को दिये। गांव में 90 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण कराया जाना है।

उन्होंने आंगनवाड़ी एवं विद्यालय में प्रत्येक दशा में शौचालय निर्माण कराये जाने के आदेश दिये। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत कोई भी पात्र लाभार्थी न होने के कारण गांव के अत्यन्त गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया।शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में स्वास्थ्य पोषण मिशन,टीकाकरण आदि की जानकारी देते हुए एएनएम,आंगनवाडी कार्यकत्री द्वारा लाभार्थियों एवं बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी खुली बैठक में सत्यापन किया।उन्होंने मिशन इन्द्र धनुष की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित एएनएम एवं आंगनवाड़ियों के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दिलायी।सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत विद्यालय में 38 बच्चे नामांकित है बच्चों को ड्रेस,जूते,मोजे,पुस्तकें,बैग आदि का वितरण हो चुका है।गांव में 338 राशन कार्ड धारक है।



**वाराणसी।** वाराणसी की (डी आर आई)राजस्व आसूचना निदेशालय टीम ने रविवार दिनांक 31/12/17 देर रात कोएक ट्रक से 11क्विंटल गाजा बरामद कियाऔर तीन लोगों को गीरफ्तार किया। डी आर आई की वाराणसी टीम के सीनियर इंटीलिजेंस आफिसर आनंद राय ने बताया की ट्रक नं. यूपी 78 बीटी4928ओडिशा से चलकर वाराणसी के रास्ते आजमगढ़ जा रहा था।उसे डाफी टोलप्लाजा पर घेराबन्दी करके रोका गया ट्रक की बोडी में भरकर बेल्डिंग कर दिया गया था गैस कटर की मदद से काटकर बरामद किया गया गीरफ्तार अभियुक्तों में (क्रिष्ना सिंह पुलिश कांस्टेबल पोस्टिंग एसटीएफ, दंतेवाड़ा डिस्ट्रिक्ट, छत्तीसगढ़)व रंजीत सिंह(भोजपुर, बिहार)लखन सिंह(हमीरपुर, यूपी)। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां हाथ लगी है । इस कार्य को बखूबी अंजाम तक पहुंचाने में सीनियर इंटीलिजेंस आफिसर आनंदराय एवं इंटीलिजेंस आफिसर लेखराज तथा पंकज कुमार, आशिफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।अभियुक्तों में और कौन कौन लोग शामिल है वाराणसी इंटीलिजेंस टीम जानकारी जुटाने मे लगी है।

## पुलिस संग आंख मिचौली खेलने वाला सेंधिया चोर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

**संवाददाता, सूरत।** शहर क्राइम ब्रांच ने भागते फिर रहे एक सेंधिया चोर को अपनी गिरफ्त में लेने की सफलता प्राप्त की। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस क्राइम ब्रांच के पीएसआई एमएस त्रिवेदी अपनी टीम के साथ पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी दौरान प्रदीप ठाकुर गोपाल सिंह राजपूत (28) नि. गणेशनगर झोपड़पट्टी पांडेसरा को शक के आधार पर शिकंजे में लेकर पूछताछ की तो उसने 8 महीने पहले अपने साथी मनिष सुभाष पांडेय के साथ एसएमसी आवास में एक मकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार करने की बात बताई। इसी के साथ ही आरोपी ने 18 जगहों पर सेंध मार चोरी करने की कबूलात की। पुलिस एएप्रदीप को गिरफ्तार कर आगे की छानबीन कर रही है।

## तीसरी मंजिल से गिरे तीन साल के बच्चे और साइट पर पहली मंजिल से गिरे मजदूर की मौत



**सूरत।** शहर में गिरने की हुई दो घटनाओं में मोटा वराछा सोना अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर खेलते समय अचानक गिरने से तीन वर्ष के बच्चे की करुण मौत हो गई। जबकि अलथाण में साइट पर काम करते समय पहली मंजिल से गिरे मजूर की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटा वराछा तालाब के पास सोना अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर अमीतभाई रोकड परिवार के साथ रहते हैं। गत सोमवार को अमितभाई का बेटा मान (3 वर्ष) खेल रहा था। उसी समय खेलते-खेलते वह अचानक तीसरी मंजिल से नीचे गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान मान की मौत हो गई।

दूसरी घटना में अलथाण कैनाल रोड एटलांटा मॉल के सामने रहने वाले चंद्र जमेदार शर्मा (36 वर्ष) गत रोज टाइम्स वर्ल्ड साइट पर सेंटिंग का काम कर रहा था। उसी दौरान मोबाइल पर बात करते वक्त अचानक ही शरीर का संतुलन बिगड़ने से पहली मंजिल से नीचे गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना के बारे में खटोदरा पुलिस आकस्मिक दुर्घटना का मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

## बीयर के साथ पकड़ाए भाजपा के नगरसेवक गए जेल



**संवाददाता, सूरत।** सोनगढ़ लक्कड़कोट के पास 31 दिसंबर के दौरान हो रही गहन चेकिंग में पुलिस के हाथ पकड़े गए भाजपा के पूर्व कॉर्पोरेटर मुकेश कोठिया सहित तीन लोगों को पुलिस कस्टडी में सोनगढ़ सब जेल में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 31 दिसंबर को पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। उसी समय कार नं. जीजे-5-एपी-7089 को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें से बीयर की बोतलें मिली थी। कार में सवार भाजपा के पूर्व कॉर्पोरेटर मुकेश हिंमत भाई कोठिया (लक्ष्मीनगर, एके रोड, सूरत),महेश छगनभाई नाकराणी (सौमित्र सोसाइटी, सरथाणा) और जयंत मोहनभाई वेकरिया (धर्म भक्ति सोसाइटी, वराछा रोड) की पुलिस ने गिरफ्तारी की थी। जिनको न्यायिक हिरातसत में जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने सेशन्स कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी किया है। जबकि पुलिस ने भी आरोपियों को जमानत न मिलने के लिए हलफनामा पेश की है।

## पांडेसरा में महिला और युवक फांसी लगा की आत्महत्या



**संवाददाता, सूरत।** पांडेसरा के दक्षेश्वर नगर में एक 18 वर्षीय युवक तथा एसएमसी आवास सिद्धार्थनगर के बगल रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना प्रकाश में आई है। पांडेसरा पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांडेसरा के दक्षेश्वर नगर प्लॉट नं. 134 रूम नं.1 में रहने वाले नानाभाई हमितभाई पाटिल नौकरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। सोमवार को दोपहर के करीब 2.30 बजे नानाभाई के 18 वर्षीय पुत्र परेश ने किसी अज्ञात कारणों से अपने घर में लगे पंखे में साड़ी बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। जबकि इसी तरह की अन्य एक घटना में पांडेसरा के सिद्धार्थनगर एसएमसी आवास विभाग नं.3, रुम नं. 6 में रहने वाले रामकृपाल दुबे की पुत्री तथा चन्द्रकेश मारकंडे मिश्रा की पत्नी अंशुदेवी (26 वर्ष) ने किसी कारणों से अपने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर पांडेसरा पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

## ठंड से ठिठुरकर अज्ञात महिला की मौत

**तापी (ईएमएस)।** जिले के घासियामेढा गांव में एक अज्ञात महिला की ठंड से मौत हो गई। गत 29 दिसंबर को महिला की मौत हुई थी, जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आज आई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस अज्ञात महिला की मौत ठंड से ठिठुरकर हुई है। शीत ऋतु में ठंड से संभवत: यह पहली मौत है। जानकारी के मुताबिक तापी जिले की सोनगढ़ तहसील के घासियामेढा गांव निवासी रमणभाई चौधरी के खेत से आज एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनगढ़ के

## परवत पाटिया में डिमोलिशन करने गई मनपा टीम हुई लोगों के रोष का शिकार



**संवाददाता, सूरत।** परवत पाटिया आई माता रोड पर स्थिति ओम कॉम्पलेक्स में मनपा को तीसरी बार डिमोलिशन करने की जरूरत पड़ी और फिर डिमोलिशन किया जा सका। स्थल पर पालिका की टीम पहुंची तो स्थानीय महिलाएं अपने घरों के दरवाजे पर खड़ी होकर विरोध शुरू कर दी। जिससे पुलिस को बुलाने की नौबत पड़ी और अतिक्रमण को दूर किया गया। ओम काम्पलेक्स में पालिका की टीम अतिक्रमण करने पहुंची तो लोग झगड़ा करने पर उतर गए। लोगों ने अपनी राजनैतिक पहुंच का भी भरपूर उपयोग किया। महलिाएं भी घर के दरवाजे पर खड़ी होकर अपना रोष दिखाने लगी। जिससे पालिका ने पुलिस की मदद ली। पूणा पुलिस के पीआई सहित टीम स्थल पर पहुंची। इसके बाद अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा सका।

## महिला से दुष्कर्म कर हत्या के मामले में हत्यारा समेत दो गिरफ्तार

**वडोदरा (ईएमएस)।** मढेली गांव में एक महिला से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर उसका शव खेत में दफना दिया गया। इस मामले में पुलिस ने हत्यारे समेत खेत मालिक रणजीतसिंह परमार को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वडोदरा जिले की वाघोडिया तहसील के मढेली गांव में 40 वर्षीय कैलाश हरजीभाई राठौडिया नामक महिला अपने घर से निकलकर रणजीतसिंह परमार के खेत में बनी कोठरी में गई थी। कोठरी में पहले से सुनील फतेसिंह राठौडिया नामक शख्स मौजूद था। जहां कैलाश और सुनील ने शराब पी और बाद में दोनों शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान शराब के नशे में धुत्त कैलाश ने कहा कि वह घटना के बारे में गांव के लोगों से बता देगी।

जिसे लेकर कैलाश और सुनील के बीच लड़ाई हुई। जो इस हद तक बढ़ कि सुनील ने रस्सी से कैलाश की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसका शव खेत में गाड़ दिया। कैलाश की हत्या के बाद सुनील ने खेत मालिक रणजीतसिंह को भी घटना की जानकारी दी। उस वक्त रणजीतसिंह पुलिस को सूचना देने के बजाए सुनील को रुपए देकर उसे भगा दिया। बाद में गत 21 को पुलिस को बताया कि उसके खेत में कुछ गाड़ा गया है। पुलिस ने जब जांच की तो खेत में दफनाया गया

## रहस्यमयी है राम का नाम: वासुदेवानंद महाराज

### सत्संग में बही आस्था की बयार

**संवाददाता,सूरत।** पांडेसरा इलाके के श्री शुभ लक्ष्मी स्वास्तिक नगर सोसायटी में स्थित मां विध्यवासिनी धाम श्री विश्वकर्माजी मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन गत दोपहर किया गया। सत्संग के दौरान वासुदेवानंद महाराज ने कहा कि राम के नाम में बहुत बड़ा रहस्य छिपा है। राम के नाम का उल्टा जाप करके वाल्मीकीजी स्वामी ब्रह्म के समान हो गए। पत्थर पर राम का नाम लिख कर नल-नील सहित वानरी सेना विशायकाय समुंद्र पर सेतु का निर्माण कर लंका पर चढ़ाई कर विजय प्राप्त किया। भगवान श्रीराम ने गौतम ऋषि की श्रापित पत्नी अहिल्या का उद्धार किया। सेवरी के घर जाकर जुठे बेर खाकर समाज में समरसता का संदेश दिया। सत्संग के दौरान कमलेश यादव, रमेश यादव चाचाजी, गणेश विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, दुर्गा सिंह डीएस, प्रेमादेवी, शीलू विश्वकर्मा, आरती विश्वकर्मा, गीता गुप्ता, रानीदेवी, सुमित्रा देवी यादव सहित काफी तादाद में श्रोतागण सत्संग का श्रवण किया।

## श्री सालासर हनुमान मंदिर का 14वां वार्षिक महोत्सव 7 को

### अलौकिक झांकी व विशाल भंडारे का आयोजन

**संवाददाता, सूरत।** श्री सालासर हनुमान सेवा मंडल सूरत की ओर से सात जनवरी को श्री सालासर हनुमानजी मंदिर का 14वॉ वार्षिक महोत्सव परवत पाटिया इलाके के मॉर्डन टाउन के पीछे मॉर्डन इंग्लिश स्कूल परिसर में सुबह नौ बजे से रात 10 बजे तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7.01 मिनट पर विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कलश शोभा यात्रा डुंभाल हनुमान मंदिर से निकल कर इलाके के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री सालासर धाम तक पहुंचकर सम्पन्न होगी। रविवार सुबह से श्रृंगारयुक्त अलौकिक झांकी, अखंड ज्योत, छप्पनभोग, सवामणी भंडारा, प्रसाद वितरण किया जाएगा।

देर शाम से खलीलाबाद के रोमी सरदार, जयपुर की भजन गायिका रजनी राजस्थानी व मंडली कलाकार, सूरत के सुरेश जोशी भजनों की श्रृखंलाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर देंगे।

## पवित्र यात्राधामों की सूची में किया जाएगा वड़ताल का समावेश: मुख्यमंत्री

### दो करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक बस अड्डे का किया शिलान्यास



**अहमदाबाद (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने स्वामीनारायण संप्रदाय के लिए परम आस्था की भूमि समान वड़ताल का समावेश राज्य के पवित्र यात्राधामों की सूची में करने का संकेत दिया है। रूपाणी ने मंगलवार को वड़ताल में जगतजननी मां जगदंबा के प्राकट्य दिवस पोषी पूनम के दिन आयोजित सद्गुरु ध्यानीस्वामी स्मृति सत्संग सभा में भाग लिया। उन्होंने हरिकृष्ण महाराज सहित देवों के दर्शन किए तथा संस्था के पीठाधीश प.पू. राकेशप्रसाद जी महाराज एवं संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वड़ताल टेम्पल ट्रस्ट के सहयोग से दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक बस अड्डे का शिलान्यास भी किया। संस्था की ओर से मुख्यमंत्री को वृतालय श्रेष्ठ सत्संग रत्न के सम्मान से विभूषित किया गया। आचार्य राकेशप्रसाद जी ने उन्हें ऐतिहासिक मूल शिक्षा पत्री की प्रतिलिपि की पवित्र भेंट दी। संस्था द्वारा मुख्यमंत्री की अनोखी प्रसाद तुला कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें मगज के प्रसाद से तौला गया। तौले गए सारे प्रसाद को कन्याओं को पोषक आहार के रूप में वितरीत किया गया। रूपाणी ने धर्म शिक्षा से संबंधित संस्था की अंग्रेजी मैगजीन के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। विश्व के २१ देशों के भाविक भक्तों ने मुख्यमंत्री का आदर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से पूर्व वड़ताल धाम से मिले 'विजयी भव:' के शुभाषीश के लिए आभार व्यक्त करने के साथ ही संतों के आशीर्वाद की शक्ति से लोगों द्वारा पुन: सरकार बनाने एवं सेवा करने के लिए दिए गए अवसर को सार्थक करने का भाव व्यक्त किया। उन्होंने आम नागरिकों की आशा-अपेक्षाओं को परिपूर्ण करने की तत्परता व्यक्त की और गुजरात को अभूतपूर्व विकास के मार्ग पर अग्रसर करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सहित सभी सरलताओं की रूपरेखा दी। उन्होंने कहा कि अब हमें अदने व्यक्ति, गरीब और वंचितों सहित सभी को विकास के श्रेष्ठ अवसर उपलब्ध कराकर हरेक का दिल जीतना है। उन्होंने अभिलाषा जताई कि धर्मसभा और संतशक्ति का इस सद्कार्य में आशीर्वाद हमेशा मिलता रहेगा। संस्था की ओर से सभी का स्वागत करते हुए नौतमस्वामी ने पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल एवं नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित यात्राधामों को सुविधासंपन्न बनाने की परंपरा को बरकरार रखने के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की।

## भाजपा के 11 पाटीदार विधायकों का नितिन पटेल को मिला था समर्थन

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** आमतौर पर किसी भी राजनीतिक ब्लैंक मेलिंग के आगे नहीं झुकने वाले पीएम मोदी ने नितिन पटेल की मांग क्यों स्वीकार की, इसे लेकर राजनीतिक हलकों में बहस छिड़ी है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के ही 11 पाटीदार विधायकों ने नितिन पटेल को समर्थन करते हुए कोई भी फैसला करने की छूट दी थी। गुजरात विधानसभा चुनाव में अबकि बार भाजपा के 99 विधायक ही पहुंचे हैं, जो बहुमत से केवल 7 अधिक हैं। ऐसे में एक साथ 11 पाटीदार विधायक बगावत करते हैं तो भाजपा की हालत बिगड़ना तय है। माना जा रहा है कि इसी वजह से भाजपा हाईकमांड को नितिन पटेल के दबाव में आकर उन्हें वित्त विभाग सौंपना पड़ा। नितिन पटेल को समर्थन देनेवाले पाटीदार विधायकों में विसनगर निर्वाचन क्षेत्र के ऋषिकेश पटेल, विजापुर के रमणभाई पटेल, घाटलोडिया के भूपेन्द्रभाई पटेल, दस्क्रोई के बाबूभाई जमनादास पटेल, ठक्करबापानगर के वल्लभभाई काकडिया, अमराईवाडी के हसमुखभाई पटेल, मणीनगर के सुरेश पटेल, साबरमती के अनिलकुमार पटेल, राजकोट दक्षणि के गोविंदभाईपटेल, गारियाधार के केशूभाई नाकराणी और वडोदरा के मांजलपुर से विधायक योगेश पटेल शामिल हैं। गौरतलब है शपथ ग्रहण के बात तीन दिनों तक विभागों का आवंटन नहीं किया गया था। तीसरे दिन देर रात विभाग आवंटित किए गए और उसमें नितिन पटेल से वित्त और शहरी विकास विभाग छीन लिया गया था। जिससे नाराज होकर नितिन पटेल ने तब तक अपना कार्यभार नहीं संभाला। नाराज नितिन पटेल को मनाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र पटेल, पूर्व मंत्री नरोत्तम पटेल, भूपेन्द्रसिंह चूडास्मा, बाबू पटेल और प्रदीपसिंह जाडेजा भी पहुंचे। लेकिन उन्होंने किसी की बात नहीं सुनी और अपनी जिद पर अडे रहे। इस दौरान कांग्रेस ने उन्हें सरकार बनाने का ऑफर किया। बाजी बिगड़ती देख हरकत में आए भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने फोन कर नितिन पटेल को वित्त विभाग देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही नितिन पटेल ने अपना कार्यभार संभाला।

## माता ने मासूम पुत्री के साथ किया अग्निस्नान

**राजकोट (ईएमएस)।** जिले के जेतलसर गांव में मायके जाने पर मना करने पर एक विवाहिता ने मासूम पुत्री के साथ खुद पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी। गंभीर रुप से झुलसी मासा-पुत्री की मौत हो गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। सूत्रों के मुताबिक राजकोट जिले के जेतलसर के जंकशन रोड निकट रहनेवाले मनसुखभाई ठुम्मर की ३१ वर्षीय पत्नी रमाबेन ने ६ वर्षीय वर्षीय मासूम पुत्री के साथ खुद पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा दी।

गंभीर रुप से झुलसे माता-पुत्री की के शव आज सुबह मिलने पर समग्र घटना का पता चला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामजनों की भीड़ व पुलिस घटनास्थल पहुंच गई।

## नितिन पटेल के बाद अब पुरुषोत्तम सोलंकी हुए नाराज

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल की नाराजगी खत्म होने के बाद अब राज्यमंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी के नाराज होने की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से पुरुषोत्तम सोलंकी नाराज हैं। पुरुषोत्तम सोलंकी का कहना है कि महत्वपूर्ण विभाग मुझे नहीं देकर अन्याय किया गया है। पिछले 5 टर्म से विधायक हूं, इसके बावजूद मुझे कैबिनेट में स्थान नहीं मिला। इस बारे में मुख्यमंत्री विजय रूपाणी से पेशकश की है। सोलंकी के मुताबिक मुझे कैबिनेट में शामिल नहीं कर मेरानहीं पूरे कोली समाज के साथ अन्याय किया गया है। जानकारी के मुताबिक नाराज पुरुषोत्तम सोलंकी को मनाने के लिए शिक्षा मंत्री भूपेन्द्रसिंह चूडास्मा से मुलाकात की। बाद में सोलंकी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं नहीं बल्कि कोली समाज नाराज है। मुख्यमंत्री 12-12 विभाग लेकर बैठे हैं। जबकि मत्स्य विभाग कोई फाइलें नहीं आतीं। यह विभाग केवल समुद्र तक सीमित है। लोगों के अच्छे काम इस विभाग में नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कोली समाज इस बारे में भाजपा हाईकमांड के समक्ष पेशकश करेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा ताप्तीलोक पब्लिकेशन 152,153 श्री राम इंडस्ट्रीयल एरिया पांडेसरा सूरत 394210 से मुद्रत, एवं 4 ओ-ब्लाक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष सचीन रेल्वे स्टेश के पास, सूरत, जि. सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com